फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री गोपाल सिंह पुत्र श्री तिलोक सिंह नि. बिगड़ातो का बाड़िया पोस्टः अजीतगढ तहसील भीम जिला राजसमंद
– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम – प्रत्यर्थी

नाम मुकदमा–अपील सूचना का अधिकार, 2005 पत्रावली संख्या 37/2022

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई

दिनांक 29.08.2022

पत्रावली पेश हुई । अपीलांट अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर कियां जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया ।

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम से जरिये पत्र क्रमांकः आर.टी.आई. 753–54 दिनांक 25.07.2022 से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, भीम द्वारा अपीलार्थी को पत्रांकः रीडर/2022/566 दिनांक 13.06.2022 से बिन्दु संख्या 01 की सूचना उपलब्ध करवादी गई है तथा बिन्दु संख्या 02 से संबंधित सूचना सक्षम कार्यालय से प्राप्त करने का उल्लेख किया है।

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम की रिपोर्ट अनुसार अपीलांट द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 से चाही गई सूचना में से बिन्दु संख्या 01 से संबंधित सूचना पत्रांकः रीडर/सु.अ./2022/566 दिनांक 13.06.2022 से भिजवाई जा चुकी है। बिन्दु संख्या 02 से संबंधित सूचना **"आबादी रूपान्तरण के आदेश की प्रति"** अपीलार्थी को उपखण्ड अधिकारी, भीम को नियमानुसार उपलब्ध कराने के निर्देश के साथ ही उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति **अपीलार्थी, उपखण्ड अधिकारी, भीम एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम** को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमंद (राज.)